This question paper contains 15 printed pages]

Your Roll No...............

6362

**LL.B./II Term** **A**

Paper LB-202—FAMILY LAW—II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी:**— इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Answer any *Five* questions including

question No. **1** which is compulsory.

*All* questions carry equal marks.

अनिवार्य प्रश्न संख्या 1 सहित

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. Attempt any *four* of the following briefly :

(*a*) Discuss essential features of coparcenary property distinguishing it with the separate property of a person.

(b) Distinguish between a de-facto and a de-jure partition.

(c) Discuss whether a female can get a share if a partition of the joint family property takes place under the classical law.

(d) Explain the concept of Mushaa.

(e) Discuss the essentials of a valid gift under Muslim law.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(a) सहदायिकी सम्पत्ति को किसी व्यक्ति की पृथक् सम्पत्ति से विभेदित करते हुए इसके आवश्यक लक्षणों का विवेचन कीजिए ।

(b) वस्तुत: और विधित: विभाजन के बीच विभेद स्पष्ट कीजिए ।

(c) यदि अविभक्त कुटुम्ब सम्पत्ति का विभाजन क्लासिकल विधि के अन्तर्गत होता है, तो क्या किसी महिला को शेयर प्राप्त हो सकता है, इसका विवेचन कीजिए ।

(*d*) मुशा की संकल्पना की व्याख्या कीजिए ।

(*e*) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत विधिमान्य तोहफे के आवश्यक तत्वों का विवेचन कीजिए ।

2. In what manner the concept of a Mitakshara Hindu joint family and coparcenary affected by the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005 ?

मिताक्षर हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब और सहदायिकी की संकल्पना किस रूप में हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 से प्रभावित होती है ?

3. A Hindu father A died in 2006 and was survived by his widow W, one son S and a daughter D. S had two children SS and SD. Six months before his death A had executed a Will, whereunder he bequeathed three flats that constituted his separate property in favour of W, S and D. All the three flats were of similar value. Two days prior to his death A had purchased a sprawling farm house, at the outskirts of

Delhi, using his own money with respect to which no Will was executed. On his death his children and widow took possession of the flats individually and of the farm house collectively. SS filed a suit for partition against S, claiming a share out of the flat and the farm house, on the ground that he being a coparcener had a right by birth in the same. Discuss whether he would be successful ?

एक हिन्दू पिता 'A' अपने पीछे अपनी विधवा W, एक पुत्र S और एक पुत्री D को छोड़कर 2006 में मृत्यु को प्राप्त हो गया। S के दो बच्चे SS और SD थे । A ने अपनी मृत्यु से छः मास पहले एक 'विल' निष्पादित की थी जिसके तहत उसने उन तीन फ्लैटों को W, S और D को वसीयत द्वारा दे दिया जो उसकी पृथक् सम्पत्ति के रूप में थे । तीनों फ्लैट समान मूल्य वाले थे । A ने अपनी मृत्यु से दो दिन पहले अपने धन का उपयोग करते हुए दिल्ली की बाहरी सीमा पर एक लम्बा-चौड़ा फार्म-हाउस खरीदा

था । इसके बारे में उसने कोई 'विल' निष्पादित नहीं की थी। उसकी मृत्यु हो जाने पर उसके बच्चों और विधवा ने फ्लैटों का अलग-अलग और फार्म-हाउस का सामूहिक रूप में कब्जा ले लिया था । SS ने इस आधार पर फ्लैट तथा फार्म-हाउस में से शेयर का दावा करते हुए S के विरुद्ध विभाजन का वाद फाइल कर दिया कि सहदायिक होने के नाते उसका उनमें जन्मसिद्ध अधिकार है । विवेचन कीजिए कि क्या वह सफल हो जाएगा ?

4. A Hindu joint family comprised of two brothers A and B, their wives $W_1$ and $W_2$ respectively, two sons and a daughter of A, $AS_1$, $AS_2$ and AD and two sons of B. i.e., $BS_1$ and $BS_2$. AD who was 19 years old eloped with a man of lower caste and the news left the entire family stunned. $AS_1$ vowed to kill AD to save the family honour and took out the pistol. $BS_1$ tried to pacify him, but in the scuffle that ensued between them, $BS_1$ died of gunshot. $AS_1$ was booked for the

murder of $BS_1$ and in order to give him the best legal assistance; A sold the entire joint family property without taking the consent of the other coparceners. B, however, challenges the validity of the alienation. Whether he would be successful ? Discuss elaborating on the powers of Karta to alienate the joint family property.

एक हिन्दू संयुक्त कुटुम्ब दो भाइयों A तथा B, क्रमशः उनकी पत्नियों $W_1$ तर्था $W_2$ , A के दो पुत्रों व एक पुत्री $AS_1$, $AS_2$ व AD और B के दो पुत्रों अर्थात् $BS_1$ व $BS_2$ से मिलकर बना है । 19 वर्षीय AD निम्न जाति के एक व्यक्ति के साथ सहपलायन कर गई । इस समाचार ने सम्पूर्ण कुटुम्ब को स्तब्ध कर दिया। परिवार की प्रतिष्ठा बचाने के लिए $AS_1$ ने AD को मारने की कसम खा ली तथा पिस्तौल बाहर निकाल ली । $BS_1$ ने उसे शांत करने का प्रयास किया किन्तु उनके बीच हुई हाथापाई में $BS_1$ की गोली लगने से मृत्यु हो गई । $AS_1$ पर $BS_1$ की हत्या का मामला दर्ज कर

लिया गया तथा उसकी यथासंभव श्रेष्ठ कानूनी सहायता करने के लिए A ने अन्य सहदायिकों की सम्मति लिए बिना अविभक्त कुटुम्ब की सम्पूर्ण सम्पत्ति को बेच डाला । मगर B ने उक्त अन्यसंक्रामण की वैधता को आक्षेपित कर दिया । क्या वह सफल होगा ? अविभक्त कुटुम्ब की सम्पत्ति का अन्यसंक्रामण करने के कर्ता के अधिकारों का खुलासा करते हुए विवेचन कीजिए ।

5. (*i*) Can the demand of a partition once made be retracted/ revoked subsequently ?

A Hindu joint family comprised of five brothers, A, B, C, D and E. B who was not happy with the style of functioning of A as the Karta, filed a suit for partition against him in a court of law, claiming one fifth share in the coparcenary property. During the pendency of the litigation, A died and now B wanted to withdraw the suit, and assume charge as the Karta. Can he do so ? Discuss.

क्या विभाजन की एक बार माँग कर दिए जाने पर बाद में उससे मुकरा जा सकता है अथवा उसे वापस लिया जा सकता है ?

एक हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब में पाँच भाई A, B, C, D और E हैं । B कर्ता A की कार्यशैली पर प्रसन्न नहीं था । उसने सहदायिक सम्पत्ति में पाँचवे हिस्से की माँग करते हुए A के विरुद्ध न्यायालय में विभाजन हेतु वाद फाइल कर दिया । मुकदमा लम्बित रहने के दौरान A की मृत्यु हो गई । अब B वाद को वापस लेना तथा कर्ता का प्रभार ग्रहण करना चाहता है । क्या वह ऐसा कर सकता है ? विवेचन कीजिए ।

(*ii*) A Hindu joint family domiciled in Tamil Nadu had assets worth Rs. 15 crores and comprised of A, his parents F and M, his sister $S_i$, his wife W, two sons $S_1$ and $S_2$, a daughter $D_1$ and son of $S_1$, SS. A dies in 2007, as

an undivided member of this coparcenary. Ascertain the shares of the surviving members of the coparcenary.

तमिलनाडु में अधिवास करने वाले एक हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के पास 15 करोड़ की सम्पत्तियाँ हैं । उक्त कुटुम्ब में A, उसके पिता-माता F तथा M, उसकी बहन $S_i$, उसकी पत्नी W, दो पुत्र $S_1$ तथा $S_2$, एक पुत्री $D_1$ तथा $S_1$ का पुत्र SS हैं । A की इस सहदायिकी के अविभक्त सदस्य के रूप में 2007 में मृत्यु हो गई । सहदायिकी के उत्तरजीवी सदस्यों के शेयरों का अभिनिश्चय कीजिए ।

6. (*i*) A Hindu male A dies in 2008 and is survived by his parents F and M, two widows $W_1$ and $W_2$, one daughter $SD_1$, two grandchildren $SS_1$ and $SS_2$ and two widows of his predeceased sons $S_1W$ and $S_2W$ respectively. A had married $W_1$ in 1978 and during the subsistence of this marriage had married $W_2$ in 1980. From $W_1$ he had a child $S_1$ who converted to Muslim faith, got

married to a Muslim girl $S_1W$ and had a son $SS_1$. From $W_2$, A had a son $S_2$ and a daughter $SD_1$. $S_2$ married $S_2W$ and had a child $SS_2$. $S_1$ and $S_2$ died in 2000 in a car accident together. A had separate property worth Rs. 20 crores at the time of his death ? Discuss who would get his property and what would be the quantum of their shares.

एक हिन्दू पुरुष A की 2008 में मृत्यु हो गई । उसने अपने पीछे अपने पिता-माता F तथा M, दो विधवाएँ $W_1$ तथा $W_2$ एक पुत्री $SD_1$, दो पौत्र $SS_1$ तथा $SS_2$ तथा अपने पूर्वमृत पुत्रों की क्रमशः दो विधवाएँ $S_1W$ और $S_2W$ छोड़ी हैं । A ने 1978 में $W_1$ से विवाह किया था तथा इस विवाह के चलते हुए 1980 में $W_2$ से विवाह किया । उसके $W_1$ से एक बच्चा $S_1$ था जिसने मुस्लिम धर्म ग्रहण कर लिया तथा उसने मुस्लिम लड़की $S_1W$ के साथ विवाह कर लिया जिससे उसे

$SS_1$ बच्चा पैदा हुआ । A को $W_2$ से एक पुत्र $S_2$ तथा एक पुत्री $SD_1$ पैदा हुई । $S_2$ ने $S_2W$ के साथ विवाह किया जिससे उसे बच्चा $SS_2$ पैदा हुआ । $S_1$ तथा $S_2$ की 2000 में कार दुर्घटना में एक साथ मृत्यु हो गई । A के पास मृत्यु के समय 20 करोड़ रुपए की पृथक् सम्पत्ति थी । विवेचन कीजिए कि उसकी सम्पत्ति किन्हें मिलेगी तथा उनके शेयरों की क्या-क्या प्रमात्रा होगी ?

(*ii*) Ramesh and Meena, a couple with a son Mohit, divorced. Meena then migrated to America along with Mohit. Ramesh then married Radha, and started living in her house, that she had bought with her savings and loan from her provident fund. She was the only daughter of her parents, and at the time of her marriage was living in her house with them. The parents had no other support and she was also maintaining them with her

earnings. Three years later both Radha and Ramesh died in a plane crash. Discuss who would get the property of Radha ?

एक दम्पति रमेश और मीना का पुत्र मोहित था । उनका तलाक हो गया । फिर मीना मोहित के साथ अमेरिका प्रवास कर गई । रमेश ने तब राधा के साथ विवाह कर लिया तथा उसी के घर में रहने लगा– उस घर में जो राधा ने अपनी बचत तथा अपने प्रोवीडेन्ट फन्ड से ऋण लेकर खरीदा था । राधा अपने पिता-माता की अकेली सन्तान थी और अपने विवाह के समय उनके साथ अपने घर में रह रही थी । माता-पिता का अन्य कोई सहारा नहीं था तथा राधा अपनी कमाई में से उनका भरण-पोषण कर रही थी । तीन वर्ष बाद राधा तथा रमेश दोनों की विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई । विवेचन कीजिए कि राधा की सम्मत्ति किसे मिलेगी ?

7. Discuss the rules relating to abatement of legacies under Sunni and Shia law.

A Muslim man A executed one Will under which he gave Rs. 60,000 to X, Rs. 45,000 to Y and Rs. 30,000 to Z. His net assets on the date of his death were rupees one lakh and thirty five thousand. Discuss who would get the legacy and what would be its quantum both under Sunni law as well as Shia law.

What would be your answer if A had married under the Special Marriage Act, 1954 ?

सुन्नी तथा शिया विधि के अन्तर्गत वसीयत सम्पदा में कमी सम्बन्धी नियमों का विवेचना कीजिए ।

एक मुस्लिम पुरुष A ने 'विल' निष्पादित की जिसके अन्तर्गत उसने 60,000 रुपये X को, 45,000 रुपये Y को और 30,000 रुपये Z को दिए । उसकी मृत्यु के समय उसकी विशुद्ध परिसम्पत्तियों का मूल्य एक लाख पैंतीस हजार रुपये था । विवेचन कीजिए कि वसीयत सम्पदा किसको मिलेगी तथा सुन्नी व शिया दोनों विधियों के अन्तर्गत इसकी कितनी प्रमात्रा होगी ?

यदि A ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत विवाह किया होता, तो आपका उत्तर क्या होगा ?

8. (*i*) A Múslim male A dies and is survived by his father F, his widow W and two daughters $D_1$ and $D_2$. He leaves behind property worth Rs. five crores. Who would get the property and what would be their shares ? What would be your answer if A was a female and W was the widower.

एक मुस्लिम पुरुष A ने अपनी मृत्यु पर अपने पीछे अपना पिता F, अपनी विधवा W तथा दो पुत्रियाँ $D_1$ व $D_2$ छोड़ी हैं । उसने अपने पीछे पाँच करोड़ रुपये की सम्पत्ति छोड़ी है। उक्त सम्पत्ति किनको मिलेगी तथा उनके क्या-क्या शेयर होंगे ? यदि A स्त्री होती और W उसका विधुर होता, तो आपका उत्तर क्या होगा ?

(*ii*) A Muslim A dies and leaves behind his parents F and M and a widow W and property worth Rupees ten crores. Discuss who would get his property and also specify their shares. What would be your answer, if A was a female and W was the widower ?

एक मुस्लिम A की मृत्यु हो जाती है । उसने अपने पीछे अपने पिता–माता F तथा M, विधवा W तथा दस करोड़ रुपए की सम्पत्ति छोड़ी है । विवेचन कीजिए कि उसकी सम्पत्ति किनको मिलेगी तथा उनके शेयर भी विर्निदिष्ट कीजिए । यदि A कोई स्त्री होती और W उसका विधुर होता, तो आपका उत्तर क्या होगा ?